indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT.IN YOUR SUCCESS PARTNER

# A

Sr. No.

# Paper (Hindi)

Maximum Marks : 150 | Time : 2:00 pm to 4:30 pm

Name : ______________________

INDIRESULT.IN YOUR SUCCESS PARTNER

______________________
(Signature of the Candidate)

Roll No. (In Figures) ______________________

Roll No. (In Words) ______________________

## : INSTRUCTIONS :

1. All questions in the Test are **multiple choice questions.**
2. Each question carries **one mark,** with **four** alternatives out of which one answer is **correct.**
3. There will be **no negative** marking.
4. Use only **BLUE/BLACK Ball Point Pen** to darken the appropriate oval.
5. Mark your response only at the appropriate space against the number corresponding to the question while answering on the **OMR Response Sheet.**
6. Marking more than one response shall be treated as **wrong response.**
7. Mark your response by **completely darkening** the relevant oval. The Mark should be dark and the oval should be completely filled.
8. Use of calculator, Mobile is strictly prohibited and use of these shall lead to disqualification.
9. The candidate **MUST remove the last Carbon copy (Candidate's copy) of OMR after completion of Test.**



INDIRESULT.IN YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

1. 'मित्र बनकर धोखा देना' किस मुहावरे का अर्थ है ?
   (a) पेट में दाढ़ी होना (b) छाती पर मूँग दलना
   (c) ओखली में सिर देना (d) आस्तीन का साँप होना

2. 'गिरगिट की तरह रंग बदलना' का अर्थ है :
   (a) बुरी तरह नष्ट होना (b) अनुभवी होना
   (c) तेज़ होना (d) सिद्धांतहीन होना

3. 'कपटी व्यक्ति' के लिए निम्नलिखित में से कौन सा मुहावरा सही है ?
   (a) चिकना घड़ा (b) बगुला भगत
   (c) सफेद हाथी (d) भाड़े का टट्टू

4. 'दुविधा में दोनों गए माया मिली न ..........' लोकोक्ति के खाली स्थान में क्या आएगा ?
   (a) दाम (b) काम
   (c) राम (d) शाम

5. 'हथेली पर ..............नहीं जमती' लोकोक्ति के खाली स्थान में क्या आएगा ?
   (a) दही (b) सरसों
   (c) बर्फ (d) मेहँदी

6. 'प्रत्यक्ष को प्रमाण की ज़रूरत नहीं पड़ती' अर्थ देने वाली लोकोक्ति कौन सी है ?
   (a) हीरे की कद्र जौहरी जानता है। (b) हाथ कंगन को आरसी क्या।
   (c) सावन हरे न भादों सूखे। (d) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

7. "अधूरा ज्ञान रखने वाला अधिक दिखावा करता है" के लिए कौन सी लोकोक्ति है ?
   (a) अधजल गगरी छलकत जाए (b) अक्ल बड़ी या भैंस
   (c) खोदा पहाड़ निकली चुहिया (d) चोरी और सीनाज़ोरी

8. 'जहाँ उपमेय में उपमान से भिन्नता होते हुए भी संभावना व्यक्त की जाए' वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?
   (a) उत्प्रेक्षा (b) अतिशयोक्ति
   (c) विरोधाभास (d) यमक

9 "पत्रा ही तिथि पाइये, वा घर के चहुँ पास।
   नित प्रति पून्योई रहत, आनन आपे उजास।" में कौन सा अलंकार है ?
   (a) विरोधाभास (b) यमक
   (c) अतिशयोक्ति (d) उत्प्रेक्षा

10. 'भक्तमाल' के रचयिता कौन हैं ?
   (a) कुंभनदास (b) रामप्रसाद निरंजनी
   (c) गोकुलदास (d) नाभादास

indiresult.in whatsapp - 9352018749

11. 'लोर कथा' किस काव्य का दूसरा नाम मान लिया गया है ?
(a) आखिरी कलाम
(b) मृगावती
(c) चंदायन
(d) हंसावली

12. 'आल्हाखण्ड' किस रासो ग्रंथ का मूल रूप है ?
(a) बीसलदेव रासो
(b) खुमाण रासो
(c) परमाल रासो
(d) हम्मीर रासो

13. 'मोक्ष' का पर्यायवाची है :
(a) कैवल्य
(b) कृशानु
(c) केहरि
(d) करवाल

14. 'मयंक' पर्यायवाची है :
(a) मयूर का
(b) कुंजर का
(c) दिनकर का
(d) चन्द्रमा का

15. 'पक्षी' दाँत और ब्राह्मण के लिए अनेकार्थी शब्द है
(a) ऋतु
(b) द्विज
(c) खेचर
(d) नभचर

16. 'देवनागरी लिपि सुधार समिति' में निम्नलिखित में से कौन संबंधित नहीं है ?
(a) भोलानाथ तिवारी
(b) धीरेन्द्र वर्मा
(c) आचार्य नरेन्द्रदेव
(d) मंगल देव शास्त्री

17. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी मानक नहीं है ?
(a) अंत
(b) बन्द
(c) राज्य
(d) उच्छ्वास

18. नागरी लिपि सुधार समिति के संयोजक कौन थे ?
(a) श्यामसुंदर दास
(b) भारतेन्दु
(c) श्रीनिवास
(d) काका कालेलकर

19. निम्नलिखित में कौन सा कथन सत्य है ?
(a) नागरी प्रचारिणी सभा ने श्रीनिवास के सुझाव और 'अ' की बारहखड़ी को स्वीकार नहीं किया।
(b) नागरी प्रचारिणी सभा ने लिपि सुधार की दिशा में कोई काम नहीं किया ।
(c) नागरी प्रचारिणी सभा ने 'अ' की बारहखड़ी को सहर्ष स्वीकार कर लिया ।
(d) नागरी प्रचारिणी सभा ने श्रीनिवास के सुझावों को सहर्ष स्वीकार कर लिया ।

20. खड़ी पाई वाले व्यंजनों का संयुक्त रूप बनाया जाना चाहिए :
(a) हलंत लगाकर
(b) वर्ण की अंतिम रेखा कम करके
(c) खड़ी पाई हटाकर
(d) अनुस्वार लगाकर

indiresult.in whatsapp - 9352018749

21. 'द मॉडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ़ हिन्दुस्तान' में वर्णित कवियों की संख्या है :
(a) 750
(b) 692
(c) 952
(d) 89

22. 'चौरासी वैष्णव की वार्त्ता' के लेखक कौन हैं ?
(a) ध्रुवदास
(b) गोकुलदास
(c) नाभादास
(d) महेश दत्त शुक्ल

23. 'हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' के लेखक हैं :
(a) डॉ० गणपतिचन्द्र गुप्त
(b) डॉ० रामकुमार वर्मा
(c) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) डॉ० नलिनविलोचन शर्मा

24. हिन्दी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन के लिए प्रायः कितनी पद्धतियों का अवलंब लिया गया है ?
(a) नौ
(b) पाँच
(c) सत्रह
(d) चार

25. 'जानने की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द है :
(a) जिज्ञासा
(b) ज्ञान इच्छालु
(c) इच्छालु
(d) जिज्ञासु

26. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के रचनाकार हैं :
(a) लक्ष्मीनारायण लाल
(b) दुष्यन्त कुमार
(c) मोहन राकेश
(d) जगदीशचन्द्र माथुर

27. 'शिशु' की भाववाचक संज्ञा है :
(a) बाल्यकाल
(b) बालपन
(c) शैशव
(d) शैशविकता

28. 'वृद्ध' की भाववाचक संज्ञा है :
(a) वार्धक्य
(b) वृद्धकता
(c) वृद्धता
(d) वार्धकता

29. 'समुद्र की आग' के लिए एक शब्द है :
(a) बड़वानल
(b) मलयानल
(c) अरण्यानल
(d) इनमें से कोई नहीं

30. 'इतिहास' का विशेषण है :
(a) इतिहासिक
(b) ऐतिहासिक
(c) एतिहासिक
(d) ऐतिहासक

31. ऋषि का विशेषण है :
(a) उपास्य
(b) आदृत
(c) औरस
(d) आर्ष

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

**32.** प्रयोग की दृष्टि से शब्द के कितने प्रकार हैं ?
(a) चार
(b) दो
(c) तीन
(d) पाँच

**33.** विसर्ग का उच्चारण कैसे होता है ?
(a) ह् जैसा
(b) स्वर जैसा
(c) ड़. जैसा
(d) इनमें से कोई नहीं

**34.** उच्चारण स्थान के आधार पर 'ल', 'स' ध्वनियाँ हैं :
(a) कण्ठ्य
(b) लुण्ठित
(c) वर्त्स्य
(d) मूर्धन्य

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्दालंकार है ?
(a) उपमा
(b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक
(d) यमक

**36.** 'सुषुप्ति' का विलोम है :
(a) सुप्त
(b) सुश्रुषा
(c) अचेतन
(d) जागरण

**37.** जब किसी व्यक्ति या वस्तु की अन्य व्यक्ति अथवा वस्तु के रूप, गुण, दशा संबंधी विशेषताओं से तुलना की जाती है, तो वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?
(a) रूपक
(b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा
(d) संगति

**38.** तुलसीकृत 'रामचरितमानस' की भाषा कौन सी है और इसमें कितने कांड हैं ?
(a) अवधी, सात
(b) अवधी, बारह
(c) अवधी, नौ
(d) ब्रज, नौ

**39.** 'द्वैतवाद' के संस्थापक हैं :
(a) निम्बार्काचार्य
(b) मध्वाचार्य
(c) शंकराचार्य
(d) श्रीभट्ट

**40.** 'अर्क' के अनेकार्थी हैं :
(a) व्याख्या, प्रयोजन, उद्देश्य
(b) सार, सारांश, विमल
(c) आकाश, कपड़ा, सूर्य
(d) नभचर, अंशुमाली, रश्मि

**41.** समरूपी भिन्नार्थक शब्दों में से 'आदि–आदी' का सही युग्म है :
(a) शुरुआत–वगैरह
(b) शुरु–मध्य
(c) आरंभ–अभ्यस्त
(d) वगैरह–आरंभ

**42.** समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'जलज–जलद' का सही युग्म है :
(a) कमल–चन्द्र
(b) सूर्य–कमल
(c) नीर–क्षीर
(d) कमल–बादल



INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

43. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रीतिकाल का आरंभ किस कवि से माना है ?
(a) केशव (b) मतिराम
(c) चिंतामणि (d) बिहारी

44. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में अध्यायों को किस नाम से अभिहित किया गया है ?
(a) संकल्प (b) उच्छ्वास
(c) समय (d) भाग

45. राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना है ?
(a) मुल्लादाऊद (b) सरहपा
(c) चंदबरदाई (d) जिनदत्त सूरी

46. सिद्धों और नाथों की संख्या क्रमशः मानी जाती है।
(a) 84, 9 (b) 9, 84
(c) 11, 71 (d) 71, 11

47. 'पृथ्वीरास रासो' को पूर्णतया अप्रामाणिक मानने वाले चिंतक हैं :
(a) सुनीति कुमार चटर्जी (b) मिश्रबंधु
(c) श्यामसुंदर दास (d) गौरीशंकर हीराचंद ओझा

48. 'खुमाण रासो' के रचयिता हैं :
(a) दलपति विजय (b) शारंगधर
(c) नरपति नाल्ह (d) इनमें से कोई नही

49. ऐसा कौन सा रासो ग्रंथ है जो अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है ?
(a) बीसलदेव रासो (b) नेमिनाथरास
(c) हम्मीर रासो (d) परमाल रासो

50. निम्नलिखित में से कौन रामभक्त कवि नहीं है ?
(a) नाभादास (b) ईश्वरदास
(c) प्राणचंद चौहान (d) श्रीभट्ट

51. हरिदासी संप्रदाय का अन्य नाम है ?
(a) राधावल्लभ संप्रदाय (b) निम्बार्क संप्रदाय
(c) सखी संप्रदाय (d) गौड़ीय संप्रदाय

52. 'पलटू साहब' किस काल के कवि हैं ?
(a) आदिकाल (b) अपभ्रंशकाल
(c) भक्तिकाल (d) रीतिकाल

53. खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौन सा है?
(a) कामायनी (b) प्रियप्रवास
(c) साकेत (d) विष्णुप्रिया

indiresult.in whatsapp - 9352018749

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

54. भारतेन्दुकालीन 'रसकलस' रीति ग्रंथ के रचयिता कौन हैं ?
   (a) नाथूराम शर्मा शंकर (b) अयोध्या सिंह उपाध्याय
   (c) जगन्नाथ दास रत्नाकर (d) बालमुकुंद गुप्त

55. रीतिकाल के शुद्ध नीतिकाव्यकार कवि कौन हैं ?
   (a) भगवानदीन (b) मुशरिदेव
   (c) रामसहायदास (d) इनमें से कोई नहीं

56. 'उमर खैय्याम की रूबाइयों का प्रभाव निम्नलिखित में से किसकी आरम्भिक रचनाओं पर है ?
   (a) रामेश्वर शुक्ल अंचल (b) हरिवंशराय बच्चन
   (c) जानकी वल्लभ शास्त्री (d) महादेवी वर्मा

57. रामधारी सिंह दिनकर की ज्ञानपीठ से सम्मानित कृति कौन सी है ?
   (a) उर्वशी (b) रश्मिरथी
   (c) संस्कृति के चार अध्याय (d) रेणुका

58. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' कृति की विधा क्या है ?
   (a) कविता (b) निबंध
   (c) कहानी (d) उपन्यास

59. हिन्दी में तिलस्मी ऐयारी उपन्यासों के जनक हैं :
   (a) ब्रजनंदन सहाय (b) बलदेव प्रसाद मिश्र
   (c) रामनरेश त्रिपाठी (d) देवकी नंदन खत्री

60. प्रेमचंद युग के सबसे अक्खड़ उपन्यासकार कौन माने जाते हैं ?
   (a) बनारसी दास चतुर्वेदी (b) शिव पूजन सहाय
   (c) पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र (d) विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक

61. निम्नलिखित में जीवनीपरक उपन्यास है :
   (a) झूठा–सच (b) भूले–बिसरे चित्र
   (c) खंजन नयन (d) गुनाहों का देवता

62. हिन्दी की पहली कहानी लेखिका बंग महिला का नाम है :
   (a) राजेन्द्रबाला घोष (b) ऋतुपर्णा घोष
   (c) अन्नपूर्णा (d) होमवती देवी

63. बहुचर्चित कहानी 'तीसरी कसम' के लेखक हैं :
   (a) प्रेमचंद (b) कृष्णा सोबती
   (c) फणीश्वरनाथ रेणु (d) सुदर्शन

64. 'सदाचार का तावीज' 'और 'निठल्ले की डायरी' व्यंग्य लेखन संकलन के लेखक हैं :
   (a) शरद जोशी (b) हरिशंकर परसाई
   (c) श्रीलाल शुक्ल (d) विवेकी राय



(d)

INDIRESULT YOUR SUCCESS PARTNER

indiresult.in whatsapp - 9352018749

65. हिन्दी रेखाचित्र का जनक किसे माना जाता है ?
(a) रामवृक्ष बेनीपुरी
(b) महादेवी वर्मा
(c) देवेन्द्र सत्यार्थी
(d) पद्मसिंह शर्मा

66. 'प्रेमचंद: कलम का सिपाही' किसकी रचना है ?
(a) शिवानी
(b) अमृतराय
(c) प्रेमचंद
(d) शिवरानी देवी

67. 'चिंतामणि' किसके निबंधों का संग्रह है ?
(a) रामवृक्ष बेनीपुरी
(b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(c) बाबू गुलाबराय
(d) पदमलाल पुन्नालाल बख्शी

68. 'एक नार ने अचरज किया, साँप मार पिंजरे में दिया'' ........ किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(a) अमीर खुसरो
(b) भारतेन्दु
(c) विद्यापति
(d) जगन्नाथ मिलिदि

69. मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं ?
(a) द्विवेदी युग
(b) भारतेन्दु युग
(c) छायावादोत्तर
(d) उत्तर छायावाद

70. रूपक अलंकार होता है
(a) जहाँ समान गुण के आधार पर उपमेय में उपमान की संभावना की जाती है।
(b) जहाँ समता प्रकट करने के लिए उपमेय में उपमान का अभेद आरोप किया जाता है।
(c) जहाँ उपमेय और उपमान की रूप के आधार पर तुलना की जाती है।
(d) इनमें से कोई नहीं

71. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' तथा 'दश द्वार से सोपान तक' आत्मकथा के लेखक हैं :
(a) बाबू श्यासुंदर दास
(b) प्राण्डेय बेचन शर्मा उग्र
(c) यशपाल
(d) हरिवंशराय बच्चन

72. 'राग दरबारी' उपन्यास किस शैली में लिखा गया है ?
(a) पत्र शैली
(b) डायरी शैली
(c) रिपोर्ताज शैली
(d) रेखाचित्र शैली

73. 'नई कहानी' की शुरुआत किस कहानी से मानी जाती है ?
(a) गुल की बन्नो
(b) परिंदे
(c) छोटे–छोटे ताजमहल
(d) मलबे का मालिक

74. सचेतन कहानी के प्रवर्तक माने जाते हैं :
(a) नामवर सिंह
(b) काशीनाथ सिंह
(c) महीप सिंह
(d) हिमांशु जोशी

75. निम्नलिखित में कौन सी रचना भारत–पाक विभाजन पर आधरित नहीं है ?
(a) सिक्का बदल गया
(b) अमृतसर आ गया है
(c) मुर्दों का टीला
(d) इनमें से कोई नही

indiresult.in whatsapp - 9352018749

76. यमक है :
(a) अर्थालंकार
(b) उभयालंकार
(c) शब्दालंकार
(d) इनमें से कोई नहीं

77. शुद्धाद्वैतवाद के संस्थापक और इसका प्रतिपादक दार्शनिक ग्रंथ कौन सा है ?
(a) शंकराचार्य–वेदान्त
(b) रामानुजाचार्य–वेदार्थ संग्रह
(c) हितहरिवंश–हितचौरासी
(d) वल्लभाचार्य–उत्तरमीमांसा

78. 'रेखाचित्र' और संस्मरण के लिए अधिकतर क्रमशः कौन से अंग्रेजी शब्द प्रयुक्त होते हैं ?
(a) मेमार्यस–करैक्टर स्केच
(b) मेमायर्स–करैक्टर स्केच
(c) स्केच–मेमोरी
(d) स्केच–मेमायस

79. भारतीय परम्परा में 'रस' किसका तत्व है ?
(a) नाटक का
(b) कहानी का
(c) रिपोर्ताज का
(d) संस्मरण का

80. निम्नलिखित में ग्रामांचलीय उपन्यास है :
(a) बबूल
(b) वरुण के बेटे
(c) बलचनमा
(d) उपर्युक्त सभी

81. हिन्दी में ऐतिहासिक उपन्यासकार माने जाते हैं :
(a) वृन्दावनलाल वर्मा
(b) रांगेय राघव
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) उपर्युक्त सभी

82. हिन्दी के जासूसी उपन्यासों के प्रवर्तक हैं :
(a) गोपालराम गहमरी
(b) देवकी नंदन खत्री
(c) दुर्गाप्रसाद खत्री
(d) दामोदर मुखर्जी

83. एब्सर्ड नाटक कौन सा है ?
(a) छोटे सैयद बड़े सैयद
(b) अब्दुल्ला दीवाना
(c) खजुराहो का शिल्पी
(d) सींगधारी

84. आत्मकथा कहते हैं :
(a) किसी भिन्न व्यक्ति का लिखित जीवनवृत्त
(b) स्वयं का लिखित जीवनवृत्त
(c) कल्पित गद्य कथा से जीवन की व्याख्या
(d) मनोरंजनपूर्ण लेकिन कल्पित कथा

85. निम्नलिखित में कौन सी विधा श्रव्य और दृश्यकाव्य दोनों के अंतर्गत परिगणित की जाती है ?
(a) चम्पू
(b) महाकाव्य
(c) नाटक
(d) इनमें से कोई नहीं

86. 'भोर का तारा' ओर 'रीढ़ की हड्डी' की विधा क्या है?
(a) एकांकी
(b) नाटक
(c) कहानी
(d) गद्य गीत

indiresult.in whatsapp - 9352018749

87. इलाचन्द्र जोशी किस धारा के उपन्यासकार हैं ?
(a) ऐतिहासिक
(b) प्रगतिवादी
(c) मनोवैज्ञानिक
(d) उपर्युक्त सभी

88. प्रेमचंद के कहानी–संग्रहों का प्रतिनिधि नाम है :
(a) सेवा संगम
(b) मानसरोवर
(c) आकाशदीप
(d) ग्राम

89. निम्नलिखित में से कौन 'नयी कहानी' का प्रतिनिधि रचनाकार नहीं है ?
(a) निर्मल वर्मा
(b) राजेन्द्र यादव
(c) मोहन राकेश
(d) धर्मवीर भारती

90. समकालीन कहानी का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?
(a) सुदर्शन नारंग को
(b) महीप सिंह को
(c) गंगाप्रसाद विमल को
(d) भारतभूषण अग्रवाल को

91. 'प्यालियाँ टूटती हैं' किसका एकांकी है ?
(a) लक्ष्मी नारायणलाल
(b) रामकुमार वर्मा
(c) उपेन्द्रनाथ अश्क
(d) मोहन राकेश

92. निम्नलिखित में ललित निबंधकार कौन है ?
(a) कुबेरनाथ राय
(b) विद्यानिवास मिश्र
(c) विवेकी राय
(d) उपर्युक्त सभी

93. चतुवर्ग की प्राप्ति का वर्णन किस काव्यरूप के लिए अनिवार्य माना जाता है ?
(a) खंडकाव्य
(b) महाकाव्य
(c) चम्पूकाव्य
(d) इनमें से कोई नहीं

94. नाटक भेद है :
(a) रूपक का
(b) उपरूपक का
(c) अर्थान्तरन्यास का
(d) संगति का

95. 'किस काल के साहित्य में युद्धों का सजीव चित्रण प्राप्त होता है'?
(a) रीतिकाल
(b) छायावाद
(c) आदिकाल
(d) द्विवेदीकाल

96. वह प्रथम कृति कौन सी मानी गई है जिसमें संकलित पद विभिन्न राग–रागिनियों में बाँटे गये हैं ?
(a) रामचरितमानस
(b) आदिग्रंथ
(c) पृथ्वीराज रासो
(d) मधुमालती

97. हिन्दी के पूर्व मध्यकाल का आरंभ दिल्ली में किसके राज्यकाल में हुआ ?
(a) पृथ्वीराज चौहान
(b) महमूद गजनवी
(c) हर्षवर्द्धन सम्राट
(d) मुहम्मद बिन तुगलक

indiresult.in whatsapp - 9352018749

98. 'आहार्य' का संबंध है :
(a) औचित्य से
(b) आरंभ से
(c) अभिनय से
(d) आहार से

99. "या अनुरागी चित्त की गति समुझहिं नहिं कोय। ज्यों–ज्यों बूढ़े स्याम रंग, त्यों–त्यों उज्ज्वल होय" में कौन सा अलंकार है ?
(a) अतिशयोक्ति
(b) उपमा
(c) विरोधाभास
(d) रूपक

100. जिस कृति में कथा संगठन आवश्यक हो, सर्गबद्धता नहीं जिसमें वस्तु वर्णन, भाव वर्णन एवं चरित्र का चित्रण किया जाता है, पर कथा विस्तार नहीं उसे कहते है :
(a) खण्डकाव्य
(b) महाकाव्य
(c) मुक्तक
(d) कलागीत

101. सोरठा छंद वहाँ होता है जहाँ .....................
(a) सम चरणों में 13 मात्राएँ और विषम चरणों में 11 मात्राएँ हों ।
(b) विषम चरणों में 15 मात्राएँ तथा सम चरणों में 13 मात्राएँ हों ।
(c) सम चरणों में 11 मात्राएँ और विषम चरणों में 13 मात्राएँ हों ।
(d) विषम चरणों में 13 और सम चरणों में 15 मात्राएँ हों ।

102. 'लिरिक पोइट्री' के लिए हिन्दी में रूढ़ प्रयोग है :
(a) कलाकाव्य
(b) लयात्मक काव्य
(c) छंदोबद्ध कविता
(d) गीतिकाव्य

103. समस्यापूर्ति किस युग की काव्यपद्धति बनकर उभरी ?
(a) छायावादी युग
(b) भारतेन्दु युग
(c) साठोत्तरी युग
(d) द्विवेदी युग

104. 'श्रृंगारिकता' किस काल की प्रमुख प्रवृत्ति है ?
(a) पूर्वमध्यकाल
(b) रीतिकाल
(c) प्रगतिवाद
(d) इनमें से कोई नहीं

105. 'ठलुआ क्लब' के निबंधकार हैं :
(a) शांतिप्रिय द्विवेदी
(b) रामवृक्ष बेनीपुरी
(c) बाबू गुलाबराय
(d) बेचन शर्मा 'उग्र'

106. सर्वांग–निरूपक कवि हैं :
(a) पदमाकर
(b) मतिराम
(c) तोष
(d) सोमनाथ

107. नीति और आदर्श किस काल/युग की प्रमुख प्रवृत्ति है ?
(a) भारतेन्दु युग
(b) छायावादी युगीन
(c) द्विवेदीयुगीन
(d) छायावादोत्तरकालीन

indiresult.in whatsapp - 9352018749

108. "करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान। रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान"...... उदाहरण में कौन सा छंद है ?
(a) कवित्त
(b) दोहा
(c) उल्लाला
(d) रोला

109. 'दोहा' और 'रोला' मिलाकर कौन सा छंद बनता है ?
(a) कुण्डलियाँ
(b) कवित्त
(c) छप्पय
(d) चौपाई

110. Executive की हिन्दी है :
(a) प्रबंधक
(b) अधीक्षक
(c) अधिशासी
(d) अभियन्ता

111. 'मैथिल कोकिल' के नाम से प्रसिद्ध कवि है :
(a) विद्यापति
(b) अमीर खुसरो
(c) गोरखनाथ
(d) मधुकर कवि

112. ईस्वी सन में कितने वर्ष जोड़ने पर विक्रमी संवत् बनता है ?
(a) अस्सी वर्ष
(b) सत्तावन वर्ष
(c) साठ वर्ष
(d) चौसठ वर्ष

113. आलवार सतों की संख्या कितनी है?
(a) सोलह
(b) नौ
(c) आठ
(d) बारह

114. जायसी के किस काव्य में देवनागरी वर्णमाला के एक–एक अक्षर को लेकर सैद्धांतिक बातें कही गई हैं ?
(a) पदमावत
(b) मधुमालती
(c) आखिरी कलाम
(d) अखरावट

115. तुलसीदास ने कलियुग का वर्णन 'रामचरितमानस' के किस कांड में किया है ?
(a) उत्तरकाण्ड
(b) सुंदर काण्ड
(c) किष्किन्धाकाण्ड
(d) लंका कांड

116. 'सितारेहिन्द' किस लेखक का उपनाम है ?
(a) राजा शिवप्रसाद
(b) राजा लक्ष्मण सिंह
(c) लल्लूजी लाल
(d) इनमें से कोई नहीं

117. 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है' किसका कथन है ?
(a) रामविलास शर्मा
(b) नंददुलारे वाजपेयी
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) आचार्य शुक्ल

118. 'गोबर' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ?
(a) सेवासदन
(b) रंगभूमि
(c) गोदान
(d) गबन

indiresult.in whatsapp - 9352018749

119. कामायनी के कुल कितने सर्ग हैं ?
(a) 12
(b) 15
(c) 13
(d) 9

120. निम्नलिखित में से मुक्तिबोध की रचना है :
(a) अनुभव के आकाश में चाँद
(b) मुझे चाँद चाहिए
(c) नीला चाँद
(d) चाँद का मुँह टेढ़ा है

121. "तुम वहन कर सको जन–मन में मेरे विचार, वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलंकार"...... किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(a) नागार्जुन
(b) धूमिल
(c) पंत
(d) निराला

122. 'सचिवालय' शब्द हैं :
(a) यौगिक
(b) योगरूढ़
(c) रूढ़
(d) इनमें से कोई नहीं

123. 'Radiation' के लिए हिन्दी शब्द है :
(a) जड़त्व
(b) विषमजातीय
(c) रेडियों की तरंगें
(d) विकिरण

124. 'Biosphere' की हिन्दी है :
(a) सौरमंडल
(b) जीवमंडल
(c) वायुमंडल
(d) इनमें से कोई नहीं

125. 'Antibiotic' की हिन्दी है :
(a) नाभिक
(b) प्रतिजैविक
(c) प्रतिध्वनि
(d) प्रेरण

126. 'Cosmology' की हिन्दी है :
(a) प्राणिविज्ञान
(b) ब्रह्मांड विज्ञान
(c) ध्वनि विज्ञान
(d) सौन्दर्य विज्ञान

127. 'मृत्तिका' शब्द का तद्भव है :
(a) मृत्यु
(b) मक्खी
(c) मिट्टी
(d) मृतक

128. Technology के लिए हिन्दी शब्द है :
(a) प्रचालन
(b) उत्पाद
(c) प्रौद्योगिकी
(d) यांत्रिकता

129. 'Eligibility' के लिए हिन्दी शब्द है
(a) पात्रता
(b) दावेदार
(c) उपक्रम
(d) एकाधिकार

indiresult.in whatsapp - 9352018749

**130.** बिना, सिवा, समान, तुल्य, सरीखा, जैसा, अपेक्षा इत्यादि शब्द हैं :

(a) द्रव्यवाचक
(b) समुदायवाचक
(c) समुच्चयवाचक
(d) संबंधवाचक

**131.** जब संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के साथ विभक्तियाँ लगें और धातुओं के साथ क्रिया प्रत्यय लगें तो उन्हें कहते हैं :

(a) पद
(b) धातु
(c) द्विरूक्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

**132.** वाक्य में क्रिया का कर्त्ता से, सर्वनाम का संज्ञा से, संबंध का संबंधी से तथा विशेषण का विशेष्य से संबंध कहलाता है :

(a) अव्यय
(b) अन्वय
(c) योजक
(d) शब्दबोध

**133.** प्राणत्व के आधार पर प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा व्यंजन कहलाता है :

(a) अघोष
(b) सघोष
(c) अल्पप्राण
(d) महाप्राण

**134.** लिपि के चिह्नों को सार्थक क्रम और विन्यास से लिखना क्या कहलाता है ?

(a) विशिष्ट वर्ण
(b) वर्णमाला
(c) वर्तनी
(d) लिप्यन्तरण

**135.** मानक हिन्दी में परसर्ग संज्ञा के किस प्रकार लिखे जाते हैं ?

(a) सटाकर
(b) अलग
(c) जोड़कर
(d) मिलाकर

**136.** स्त्रीलिंग संबोधन में संस्कृत की तरह प्रयुक्त होने वाले शब्द जैसे शकुन्तले, सीते, राधिके आदि शब्द मानक हिन्दी में :

(a) मान्य हैं ।
(b) अमान्य हैं ।
(c) अति प्रचलित हैं ।
(d) गद्य में मान्य हैं ।

**137.** निम्नलिखित में मानक वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।

(a) सतहत्तर
(b) सतत्तर
(c) सत्तर
(d) इनमें से कोई नहीं

**138.** निम्न में कौन सा शब्द मानक वर्तनी वाला है ?

(a) अठाइस
(b) अठाई
(c) अट्ठाइस
(d) अ्ठाईस

**139.** स्वर रहित 'र' के बाद यदि कोई अन्य स्वरसहित व्यंजन आ जाए तो र का रूप होता है :

(a) c
(b) ^
(c) /
(d) ʽ

**140.** 'ए स्केंच ऑफ हिन्दी लिटरेचर' के लेखक है :

(a) कर्नल टाड
(b) एडविन ग्रीब्ज़
(c) एफ.ई. केई
(d) कामिल बुल्के

indiresult.in whatsapp - 9352018749

**141.** फोर्ट विलियम कॉलेज के प्रिंसीपल जॉन गिलक्राइस्ट के चार सहायकों में निम्नलिखित में से कौन नहीं हैं ?

(a) रामप्रसाद निरंजनी
(b) सदल मिश्र
(c) लल्लू जी लाल
(d) इंशा अल्ला खां

**142.** "केवल मनोरंजन कवि का न कर्म होना चाहिए, उसमें उचित उद्देश्य का भी मर्म होना चाहिए" किसकी उक्ति हैं ?

(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) रामधारी सिंह दिनकर
(d) माखनलाल चतुर्वेदी

**143.** 'छायाव्राद' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया था ?

(a) रमानाथ लाल सुमन
(b) वियोगी हरि
(c) मुकुटधर पाण्डेय
(d) केशप्रसाद मिश्र

**144.** 'पसीने से पैदा होने वाले' के लिए एक शब्द है :

(a) भार्गव
(b) स्वेदज
(c) मलयज
(d) कायिक

**145.** 'डायरी' के लिए स्वीकृत हिन्दी शब्द है :

(a) दिनचर्या
(b) रोज़मर्या
(c) दैनंदिनी
(d) इनमें से कोई नहीं

**146.** हिन्दी की किस पत्रिका ने 'डायरी–विशेषांक' प्रकाशित किया ?

(a) लहर
(b) सम्मेलन
(c) ब्राह्मण
(d) पूर्वाग्रह

**147.** "दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना, राम नाम का मरम है आना" .......... पंक्तियाँ हैं :

(a) द्विजदेव
(b) केशव
(c) तुलसी
(d) कबीर

**148.** "क्या अमरों का लोक मिलेगा तेरी करुणा का उपहार, रहने दे हे देव अरे। यह मेरे मिटने का अधिकार" पंक्तियाँ हैं :

(a) सुभद्राकुमारी चौहान की
(b) महादेवी वर्मा की
(c) तारा पाण्डेय की
(d) जयशंकर प्रसाद की

**149.** सहज उद्वेक, नवोन्मेष, सद्यः स्फूर्ति, स्वच्छन्दता, अनाडम्बर किसकी विशेषताएँ हैं ?

(a) खण्डकाव्य की
(b) प्रबंधकाव्य की
(c) गीतिकाव्य की
(d) इनमें से कोई नहीं

**150.** गुरु नानक देव जी के पद संकलित हैं :

(a) दसम ग्रंथ में
(b) गुरु ग्रंथ साहिब में
(c) जपुजी साहिब में
(d) आसा दी वार में